# राज्य सरकार प्रदेश के विकास में युवा शक्ति का योगदान सुनिश्चित कर रही है- मु.मंत्री

## मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार का उपहार दिया, 7,800 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले

कोटा/जयपुर, 29 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार में युवा शक्ति का योगदान सुनिश्चित कर रही है और इसी क्रम में हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोटा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत कोटा में आयोजित रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन को संबोधित किया।

कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा वर्ग को कई सौगातें देते हुए विभिन्न विभागों प्रदेशभर से चयनित 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए।

इसके साथ ही शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का भी शुभारंभ किया। इस दौरान अभियान से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन एवं विवरणिका का विमोचन किया गया। शर्मा ने शिक्षा विभाग के दो ऐप एवं आरएसओएस अन्तर्गत ऑन डिमाण्ड परीक्षा तथा डिजिटल प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया तथा रोजगार प्रदर्शनी भी देखी।

- **कोटा में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा, राजस्थान दिवस केवल उत्सव नहीं, नवीन राजस्थान के निर्माण का संकल्प है।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि राजस्थान दिवस केवल इतिहास और परंपराओं का उत्सव नहीं है, बल्कि विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराने का अवसर है।

कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, ललित मीणा, कुलदीप धनखड़ व प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



*मु. मंत्री भजनलाल ने कोटा में आयोजित रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।*

## अमेरिका की भारतीय निर्यात ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दालें शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय कटौती बोरबॉन व्हिस्की पर की गई थी, जिसमें शुल्क 150 प्रतिशत से घटकर 100 प्रतिशत हो गया। कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क 30 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच है, जबकि दालों पर लगभग 10 प्रतिशत शुल्क लगता है। हालांकि, डेयरी उत्पाद, चावल, गेहूं और मक्का के मामले में गतिरोध बना हुआ है, क्योंकि भारत इन संवेदनशील क्षेत्रों पर सुरक्षात्मक बाधाओं को बनाए रखना चाहता है।

नई दिल्ली में चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका का नेतृत्व सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण और मध्य एशिया) ब्रैंडन लिंच कर रहे हैं, और उम्मीद है कि ये वार्ताएं आज (शनिवार) को समाप्त होंगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इन वार्ताओं को "अच्छी प्रगति" बताते हुए कहा कि अनुकूल समझौता सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। लक्ष्य है कि 2025 के शरद ऋतु तक समझौते के पहले चरण को अंतिम रुप दिया जाए, जिसमें दोनों देशों का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन तक दोगुना करना है, जो वर्तमान 190 बिलियन से अधिक है। जहां, भारत अमेरिकी प्राथमिकताओं को पूरा करने का प्रयास कर रहा है, विशेष रुप से कृषि में, वहीं, यह अपने स्वयं के निर्यातों के लिए भी बाजार में पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें अनार और अंगूर जैसे फल शामिल हैं। 2024 में, अमेरिका के कृषि उत्पादों का भारत को निर्यात लगभग 2 बिलियन डॉलर था, जबकि भारत का अमेरिका को निर्यात लगभग 5.5 बिलियन डॉलर था।

हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाने के लिए आलोचना की है, चल रही वार्ताओं से पता चलता है कि एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है, जो आपसी हितों की रक्षा करता है। जैसे-जैसे दोनों पक्ष मतभेदों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं, इन वार्ताओं का परिणाम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों की दिशा को आने वाले वर्षों तक आकार दे सकता है।

## ग्रीनलैण्ड व कैनडा ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कर सकते हैं। ग्रीनलैण्डवासियों और डेनमार्क सरकार द्वारा ठंडी प्रतिक्रिया मिलने के बाद, उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने द्वीप पर वर्तमान प्रशासन के बारे में कुछ टिप्पणियाँ कीं, जिन्हें आपत्तिजनक कहा गया। वैंस ने कहा कि डैनमार्क को ग्रीनलैण्ड के प्रति अपना व्यवहार बदलना होगा।

विदेश मंत्री लार्स रासमुसेन ने कहा कि यदि अमेरिका द्वीप पर अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है और फिर बातचीत की मेज पर आ सकता है। सन् 1951 की एक संधि के तहत, अमेरिका को उचित विचार-विमर्श के बाद द्वीप पर कुछ सैन्य उपस्थिति बनाए रखने की अनुमति है।

जो भी परिणाम हों, नए अमेरिकी प्रशासन को धीरे-धीरे यह बात समझ में आने लगी है कि अन्य देशों के बारे में की गई उसकी लापरवाह टिप्पणियाँ और अन्य देशों की संप्रभुता के संबंध में लिए गए उसे एकतरफा निर्णयों को मात्र सतही टिप्पणियों से सुलझाया नहीं जा सकता। कैनडा और ग्रीनलैण्ड दोनों ने ट्रम्प प्रशासन को कड़ा झटका दिया है और उसने अनिच्छा से यह स्वीकार किया है कि दुनिया भर में अमेरिकियों को उतना पसंद नहीं किया जाता, जितना वे सोचते थे।

राजस्थान सरकार

## अपील

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #Rajasthan Diwas 2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।

**भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान



राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार






राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600